
आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :382 पृष्ठ -5 दिनांक 25 जनवरी 2025 दिन शनिवार


# उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर पीएम मोदी का संदेश

## भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को भी किया याद

आज (24 जनवरी) उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस है. साथ ही भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जन्म जयंती भी है. इस अवसर पर पीएम मोदी ने श्श पर अपना संदेश भेजा है. 24 जनवरी यानी आज उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस है. यूपी सरकार तीन दिनों तक इस स्थापना दिवस का जश्न मनाने जा रही है. इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उत्तर प्रदेश के रहने वालों के लिए एक संदेश भेजा है. उन्होंने इस खास दिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यहां के लोगों की अद्भुत प्रतिभा एवं अथक परिश्रम से हमारा यह प्रिय प्रदेश विक. सित भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देगा. पीएम मोदी ने इसी के साथ भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को उनकी जन्म–जयंती पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की.श्उत्तर प्रदेश पौराणिक कालखंडों की धरतीश्पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म श्श पर लिखा, श्उत्तर प्रदेश के



स्थापना दिवस पर राज्य के अपने सभी भाई–बहनों को मेरी ढेरों शुभकामनाएं. भारतीय संस्कृति में अनगिनत पौराणिक और ऐतिहासिक कालखंडों की साक्षी रही यह पावन धरती पिछले आठ वर्षों से विकास के नित–नए अध्याय रचने में जुटी है. मुझे पूरा भरोसा है कि जनकल्याण के लिए समर्पित सरकार और यहां के लोगों की अद्भुत प्रतिभा एवं अथक परिश्रम से हमारा यह प्रिय प्रदेश विकसित भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देगा.24 जनवरी 1950 को दिया गया था श्उत्तर प्रदेशश नाम आजादी के पहले जिस प्रांत को यूनाइटेड प्रोविंस यानी संयुक्त राज्य के नाम से पहचाना जाता था, उसे आजादी के बाद उत्तर प्रदेश कर दिया गया. साल 1949 में यूनाइडेट प्रोविंस में टिहरी गढ़वाल और रामपुर स्टेट को मिलाया गया था. इसके बाद 24 जनवरी 1950 को इस नए राज्य को उत्तर प्रदेश नाम दिया गया. पहली बार साल 1989 में उत्तर प्रदेश दिवस मनाया गया था. साल 2017 से इस दिवस को लगातार मनाया जा रहा है.बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित कर्पूरी ठाकुर की आज जन्म जयंती है. इस मौके पर पीएम मोदी ने उनके योगदान को याद किया. पीएम मोदी ने श्श पर लिखा, शबिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर जी को उनकी जन्म–जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि. जननायक ने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय के लिए समर्पित कर दिया और इस दिशा में अनेक प्रयास किए. उनका जीवन और आदर्श देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा.



आज यूपी का 76वां स्थापना दिवस समारोह है। इस मोके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता को बधाई दी है। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोह 24 से 26 जनवरी तक अवध शिल्प ग्राम में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर यूपी गौरव सम्मान से नवाजे जाने वाले छह लोगों को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11–11 लाख रुपये और शील्ड देकर सम्मानित करेंगे।लोक भवन में प्रेसवार्ता के दौरान पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार दोपहर तीन बजे कार्यक्रम का उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर 75 जिलों के ओडीओपी उत्पाद, छह अंचलों के खान–पान, कला व संस्कृति का भी प्रदर्शन किया जायेगा। विकास व विरासतरू प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश थीम पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के गौरवशाली इतिहास और वर्तमान दोनों दिखेंगे। सभी विभागों द्वारा इस थीम पर प्रदर्शनी, संगोष्ठी, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता, रोड शो आदि कार्यक्रम किए जाएंगे। 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस–मतदाता जागरूकता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस से जुड़े आयोजन होंगे। लखनऊ के साथ ही नोएडा शिल्प ग्राम, महाकुंभ में विभाग के पंडाल और प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में भी आयोजन किए जाएंगे।

## मीडिया को महाकुंभ में आने से रोकने पर IAS विजय किरण आनंद को आया गुस्सा, लगा दी फटकार

प्रयागराज में चल रहे दिव्य और भव्य महाकुंभ को लेकर देशभर में उत्सुकता देखने को मिल रही है. मीडिया में भी महाकुंभ की कवरेज हो रही है. लेकिन हाल में कुछ ऐसी घटनाएं देखने को मिली जहां मीडिया को कुंभ क्षेत्र में आने से रोकने की कोशिश की गई. पास दिखाने के बाद पत्रकारों को जाने से रोका गया. ये बाद जब मेला अधिकारी आईएएस विजय करण आनंद को पता चली तो वो काफी नाराज हो गए और उन्होंने वहीं पर जिम्मेदार अधिकारियों को फटकार लगाई. मेला अधिकारी IAS विजय किरण आनंद ने महाकुंभ में पत्रकारों को रोके जाने पर गुस्सा जाहिर किया और वॉकी टॉकी पर ही संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को फटकार लगाई. उनके द्वारा पदाधिकारियों को फटकार लगाने का वीडियो भी सामने आया है जिसमें वो निर्देश देते नजर आ रहे हैं कि किसी भी ऐसे पत्रकारों को मेला क्षेत्र में आने से नहीं रोका जाए जिनके पास आधिकारिक पास है. मीडिया को रोके जाने पर लगाई फटकार विजय किरण आनंद ने वॉकी टॉकी पर निर्देशित करते हुए कहा कि उन लोगों को बता दीजिएगा कि अगर मीडिया के लोग कोई आधिकारिक पास दिखा रहा है. उनके द्वारा प्रमाणित पास दिखाया जा रहा है तो उन्हें मेला क्षेत्र में आने से प्रतिबंधित न करें. अगर कोई ऐसा करता है तो उत्तरदायित्व निर्धारित करेंगे. शासन की प्रतिबद्धिता है कि मेले से संबंधित सभी जानकारियां मीडिया के द्वारा सभी पटलों पर प्रदर्शित किया जाए. उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रतिकूल काम न करें, इसके लिए बार–बार बताना पड़ेगा कि कृपया करके कंट्रोल रूप से सारे कंट्रोल रूम में ये संदेश तुरंत पहुंचा दीजिए. दरअसल महाकुंभ में इन दिनों मीडिया का जबरदस्त जमावड़ा है. बड़ी संख्या में नेशनल, प्रिंट, यूट्यूबर और तमाम सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर महाकुंभ क्षेत्र में घूम रहे हैं. इन्ही में कुछ ऐसे भी जो कुंभ में व्यूज और लाइक्स के चक्कर में वीडियो बना रहे हैं जिन्हें लेकर साधु संतों ने भी आपत्ति जताई थी. जिसके बाद इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि कोई भी ऐसा शख्स मेला क्षेत्र में न आए तो मेले की गरिमा के विरुद्ध हो.

## मुलायम सिंह यादव पर अभद्र टिप्पणी से भड़कीं छोटी बहू अपर्णा यादव, कहा- माफी मांगे महंत राजू दास

उत्तरप्रदेश हनुमागढ़ी के महंत राजूदास ने दिवंगत सपा नेता मुलायम सिंह यादव को लेकर जो अभद्र टिप्पणी की है उसे लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है. समा. जवादी पार्टी की ओर से इस पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली है तो वहीं पूरे विवाद पर अब मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू और बीजेपी नेता अपर्णा यादव की प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने महंत राजू दास के बयान पर कड़ी आ. पत्ति जताई और कहा कि उन्हें अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए. मुलायम सिंह यादव पर महंत राजू दास के बयान पर अपर्णा यादव ने कहा कि ऐसी गलत पोस्ट अपने आप को चमकाने के लिए व्यक्ति करता है. इतने बड़े आप (महंत राजू दास) समाज से संबंध रखते हैं और आप ऐसी निकृष्ट बात करते हैं. ये आपसे अपेक्षित नहीं है अगर आपने किया है तो आपको माफी मांगनी चाहिए. ॰ महंत राजू दास से की माफीमांगअपर्णा यादव ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में इस तरह की अभद्र टिप्पणी नहीं करनी चाहिए. किसी को भी ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए. जो भी व्यक्ति जिम्मेदार है जो भी व्यक्ति एक परंपरा से आ रहा है कहीं से संबंध रखता है उनको तो बिल. कुल नहीं करनी चाहिए थी. आप एक सिद्ध पीठ से आते हैं आपको ऐसा कृत्य नहीं करना चाहिए था, यह आपसे अपेक्षा नहीं थी. अगर कृत्य किया है तो आप



माफी मांगे. मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए प्रचार करने पहुंची अपर्णा यादव ने इस दौरान लोगों से ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील की और कहा कि यादव तो हमेशा से सनातनी रहा है वो आज सनातनी नहीं हुआ है. तो मुझे लगता है कि लोगों को स्वतंत्रता है वो कहीं न कहीं तो वोट करेंगे, मेरी सभी से अपील है कि मिल्कीपुर की जनता वोट करने जरूर आए. ये एक ऐसा चुनाव है जिसे हम धर्म यज्ञ के तौर पर देखें तो मुझे लगता है कि हमारा वोट परसेंट भी बढ़ेगा. बीजेपी नेता ने इस दौरान महाकुंभ की तैयारियों की तारीफ की और कहा कि ये हमारे लिए बहुत सौभाग्य की बात है. 25 जनवरी को महिला आयोग की टीम भी महाकुंभ में जाएगी सनातन धर्म को आज देश–विदेश में भी स्वीकार किया जा रहा है. लोग इससे जुड़ने के लिए रामनगरी अयोध्या भी आ रहे हैं.

## बदायूं में रामपुर जिले की सीमा पर आसफपुर से शाहबाद रोड पर पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

आसफपुर – बीते दिनों बदायूं जिले के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में रामपुर सीमावर्ती इलाके में आसफपुर से शाहबाद मार्ग पर थाना फैजगंज बेहटा थाना प्रभारी इंद्र कुमार , आसफपुर पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी , हेड कांस्टेबल चंद्र शेखर सिंह , अभिषेक सिंह , प्यारे लाल , सचिन कुमार शर्मा के अलावा बदायूं जिले के सीमावर्ती जिला रामपुर के पुलिस अधीक्षक , अपर पुलिस अधीक्षक , शाहबाद तहसील के उपजिला अधिकारी समेत कई प्रशास. निक अधिकारियों ने सघन चेकिंग अभियान चलाया ।इस दौरान बदायूं व रामपुर बॉडर पर हड़कंप मचा रहा । पुलिस प्रशासन व उच्च अधिकारियों की कड़ी निगरानी में चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने संदिग्ध लोगों व वाहनों को रोक कर उनके आवश्यक दस्तावेज खंगाले और पूंछ तांछ की ।इस सघन चेकिंग अभियान में रामपुर जिले के पुलिस अधीक्षक , अपर पुलिस अधीक्षक , शाहबाद पुलिस क्षेत्राधिकारी , उपजिला अधिकारी व बिसौली पुलिस क्षेत्राधिकारी समेत थाना फैजगंज बेहटा थाना प्रभारी इंद्र कुमार सहित आसफपुर पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी , हेड कांस्टेबल चंद्र शेखर सिंह , अभिषेक सिंह , सचिन कुमार शर्मा , प्यारे लाल सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा ।

## पंचकोसीय परिक्रमा पर निकले संत प्रेमानंद, आधे रास्ते में बुलानी पड़ी कारय भक्तों का हुजूम भी रहा साथ

संत प्रेमानंद ने भक्तों के साथ नगर की पंचकोसीय परिक्रमा लगाई। इस दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। वह मृदंग, मंजीरा, ढोलक की थाप के बीच कीर्तन करते हुए चल रहे थे।मथुरा के वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज ने बृहस्पतिवार दोपहर को नगर की पंचक. ोसीय परिक्रमा लगाई। उनके साथ भक्ति संगीत के बीच सैकड़ों लोगों ने परिक्रमा की। आधी परिक्रमा करने पर थके संत ने कार से आधी परिक्रमा पूरी कर आश्रम पहुंचे।दोपहर करीब तीन बजे रमणरेती क्षेत्र स्थित श्रीराधा केलि कुंज से संत प्रेमानंद महाराज ने पैदल नगर की पंचकोसीय परिक्रमा शुरू की। उनके साथ सैकड़ों भक्तजन परिक्रमा के करने के लिए चल पड़े। हरिनाम संकीर्तन के साथ वह परिक्रमा कर रहे थे। तभी टटिया स्थान के समीप उन्हें थकान होने लगी। संत के साथ चल रहे सेवकों ने कार मंगाई और बैठाया। लगभग आधी परिक्रमा संत ने कार में बैठकर लगाई। भक्तों के साथ धीर–धीरे परिक्रमा मार्ग होते हुए रमणरेती स्थित अपने आश्रम पहुंचे।परिक्रमा के दौरान संत के पीछे–पीछे सैकड़ों की संख्या चल रहे भक्तों ने भी परिक्रमा लगाई। भक्तों ने मृदंग, मंजीरा, ढोलक की थाप के बीच कीर्तन करते हुए चल रहे थे। जगह–जगह लोगों ने संत की परिक्रमा करते हुए मोबाइल से वीडियो बनाया और सोशल प्लेटफार्म पर डाला जो कि वायरल हो रहा है। संत ने नगर की परिक्रमा करीब दो घंटे में पूरी की। इससे पहले भी संत प्रेमानंद दोपहर एवं रात के समय अपने आश्रम श्रीराधा केलि कुंज से नगर की परिक्रमा कर चुके हैं।

## पति बना हैवान दांतों से काट लिया पत्नी का होंठ, 16 टांके आए बोल न सकी, तो लिखकर बताई हैवानियत



मथुरा के सौंख में घर पर काम रही पत्नी से विवाद होने पर पति ने होंठ काट लिया। इस दौरान बचाने आई बहन के साथ भी मारपीट कर दी। विवाहिता के होंठ से खून बहने लगा। वो बोल भी नहीं पा रही है। इस दौरान आरोपी पति मौके से भाग निकला। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित तीन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।थाना मगोर्रा के गांव नगला भूचन निवासी महिला का आरोप है कि शनिवार शाम को वह घर में काम कर रही थी। तभी पहुंचे पति घर आ पहुंचा। न जाने किस बात को लेकर वो विवाद करने लगा। उसने मना किया तो पति ने उसके होंठ दांतों से काट लिए, जिसकी वजह से खून बहने लगा। वो जोर–जोर से चीखने लगी। इस दौरान बचाने आई बहन को भी विष्णु ने नहीं बख्शा और उसके साथ भी मारपीट कर दी। होंठ काटे जाने से वो अब बोल भी नहीं पा रही है। पीड़िता ने लिखकर बताया कि शिकायत करने पर देवर और सास ने भी गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता मेडिकल परीक्षण कराने के बाद अपने मायके हाथरस के थाना सादाबाद पहुंची। बताया गया है कि उसके 16 टांके आए हैं। पूरा वाकया जानने के बाद पिता बेटी संग थाना मगोर्रा पहुंचे। थाना प्रभारी मो. हित तोमर ने बताया कि घरेलू बातों को लेकर दंपती में विवाद हो गया था। मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

## बसंत पंचमी पर ठाकुर बांकेबिहारी महाराज बहुरंगी गुलाल उड़ाकर बृज के विश्वप्रसिद्ध 40 दिवसीय होली महोत्सव का शुभारम्भ करेंगे

बसंत पंचमी पर ठाकुर बांकेबिहारी महाराज बहुरंगी गुलाल उड़ाकर बृज के विश्वप्रसिद्ध 40 दिवसीय होली महोत्सव का शुभारम्भ करेंगे। इसके लिए मंदिर में उत्सवीय तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। मंदिर सेवायत व इतिहासकार आचार्य प्रहलाद वल्लभ गोस्वामी ने बताया कि बांकेकिहारी मंदिर में बसंत पंचमी के दिन सर्वप्रथम बसंती वस्त्राभूषणों में सजे संवरे ठाकुर बांकेबिहारी की श्रृंगार सेवा के अंतर्गत गुलाल अर्पित किया जाएगा। हुरियारे स्वरूप में दर्शन दे रहे आराध्य प्रभु के समक्ष पंच मेवा युक्त केसरिया मोहनभोग का विशेष भोग धराया जायेगा।मंदिरों की नगरी अब होली के रंगों में सराबोर होगी। बसंत पंचमी (तीन फरवरी) से मंदिरों में अबीर गुलाल उड़ने लगेगा। ठाकुर बांकेबिहारी महाराज इस दिन दोनों गालों पर गुलाल लगवाकर भक्तों को दर्शन देंगे। पंचमी से धुलेंडी तक बिहारीजी को रोजाना गुलाल का प्रसाद लगाकर भक्तों पर बरसाया जायेगा। बसंत पंचमी से मंदिरों की नगरी में होली की शुरुआत हो जाएगी। मंदिरों में अबीर गुलाल उड़ना शुरू हो जाएगा। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में सेवायत गोस्वामी थाली में प्राकृतिक गुलाल रखकर ठाकुरजी को भोग लगाएंगे और फिर ठाकुरजी के दोनों गालों पर गुलाल लगाकर भक्तों पर बरसाएंगे। यह क्रम पंचमी से शुरू होकर धुलेंडी तक चलेगा, जबकि रंगभरनी एकादशी से रंगों की भी शुरुआत हो जाएगी। मंदिर के प्रबंधक मुनीश शर्मा ने बताया कि बसंत पंचमी को श्रंगार आरती के बाद से अबीर गुलाल का बरसना शुरू हो जाएगा। इस दिन से ठाकुरजी के दोनों गालों पर गुलाल लगाया जाएगा और 40 दिवसीय होली उत्सव के दौरान धुलेंडी तक गालों पर रंग लगा दिखाई देगा। रंगभरनी एकादशी से रंगों की भी शुरुआत हो जाएगी और 14ध्15 मार्च तक होली का आयोजन मनाया जायेगा।वृंदावन, शाहजी मंदिर में बसंती पंचमी के दिन बसंती कमरा खुलेगा जिसमें ठाकुर श्रीराधारमण महाराज रंगबिरंगी रौशनी से सजे कमरे में दर्शन देंगे। मंदिर के प्रबंधक प्रांत शाह ने बताया कि तीन फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 तक, सायं पांच से नौ बजे तक, चार फरवरी को सायं पांच बजे से रात्रि नौ बजे तक बसंती कमरा खुलेगा।

## महाकुंभ में आए बाल राम, 5 साल की उम्र में करते हैं बड़ी-बड़ी बातें, बुजुर्ग भी पैर छूकर लेते हैं आशीर्वाद

अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर निर्माण के बाद प्रयागराज में आयोजित पहले महाकुंभ में पांच साल के बाल राम भी श्रद्धालुओं को दर्शन देने के लिए पहुंचे हैं. यह बाल राम प्रयागराज के उस श्रृंगवेरपुर धाम से आए हुए हैं, जहां राजा दशरथ द्वारा कराए गए यज्ञ के बाद ही भगवान राम का जन्म हुआ था. बाल राम का यह भी मानना है कि सरकार को करेंसी पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बजाय भगवान राम के चित्र छापने चाहिए ताकि देश में सही मायने में राम राज्य स्थापित हो सके. यह भजन और भगवान राम पर आधारित गीत भी मासूम आवाज में सुनाते हैं.पांच साल के बाल राम श्रीश बाहुबली महाराज जब भगवान राम की वेशभूषा में महाकुंभ में निकलते हैं, तो उनके दर्शन कर आशीर्वाद लेने वालों की भीड़ उमड़ती है. भक्ति भाव में विभोर श्रद्धालु पांच साल के बालक में भगवान राम का स्वरूप देखकर उम्र का फर्क समझे बिना उनके पैर छूते हैं और आशीर्वाद लेते हैं. यह बाल राम न सिर्फ आकर्षक रूप में नजर आते हैं, बल्कि तोतली जुबान में धर्म और अध्यात्म पर उपदेश भी देते हैं. भजन और गीत सुनाते हैं. यह बाल राम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना चाहते हैं

# जिलाधिकारी ने अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा एवं श्रम विभाग की योजनाओं में अधिकाधिक पंजीकरण के लिए कैम्प लगाने के दिए निर्देश

अलीगढ़  जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा अवगत कराया गया है कि अटल आवासीय विद्यालय, टमकोली में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में कक्षा–06 एवं कक्षा–09 की प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों से जिला अलीगढ़, हाथरस, एटा एवं कासगंज में ऑफलाइन माध्यम से आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों की आसानी एवं विद्यालय के प्रचार–प्रसार के लिए सभी श्रम प्रवर्तन अधिकारियों एवं बीओसी को ब्लॉक स्तर पर नियमित रूप से प्रतिदिन कैम्प लगाकर प्रवेश परीक्षा फार्म भरवाने के साथ ही निर्माण श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजनाओं में आवेदन व प्रचार–प्रसार कराने के निर्देश दिए हैं।उप श्रम आयुक्त सियाराम ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में 05 फरवरी तक ब्लॉक इगलास, गोण्डा, चण्डौस, गभाना में श्रम प्रवर्तन अधिकारी आशीष कुमार अवस्थी, अत. रौली, बिजौली, गंगीरी में श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुभाष चन्द, धनीपुर, अक. राबाद, जवाँ में श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुश्री सुमन यादव, खैर, लोधा, टप्पल में श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुश्री असना मुस्तकीम द्वारा कैम्प आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने तैनात किए गए अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि उक्त स्थानों पर नियमित




रूप से कैम्प व स्टाल लगाकर प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 5 00 बजे तक अधिक से अधिक संख्या में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में कक्षा–06 एवं कक्षा–09 की प्रवेश परीक्षा के लिए पात्रता के आधार पर फार्म भरवाना सुनिश्चित करें साथ ही निर्माण श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजनाओं के फार्म भरवायें और प्रचार–प्रसार करायें उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।उन्होंने पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि निर्माण श्रमिक के बच्चों के लिये ऐसे अद्यतनीकृत रूप से विधिवत पंजीकृत निर्माण श्रमिक, जो पंजीयन के उपरान्त 30 नवंबर 2024 को कम से कम 03 वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हों, उनके प्रति परिवार अधिकतम 02 बच्चे पात्र होगें। पंजीकृत श्रमिक का पंजीयन अलीगढ़ मण्डल के आवर्त जनपदों में होना चाहिये। इसके साथ ही वह बच्चे जो कोविड से अनाथ हुए हैं, जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवायोजना (सामान्य) के लिए पात्र बच्चे दोनों ही श्रेणी के अभ्यर्थियों कक्षा–06 के लिए बच्चे का जन्म 01 मई 2013 से पहले और 31 जुलाई 2015 के बाद (जिनमें उक्त तिथियॉ सम्मिलित हैं) कक्षा–09 के लिए बच्चे का का जन्म 01 मई 2010 से पहले और 31 जुलाई 2012 के के बाद (जिनमें उक्त तिथियॉ सम्मिलित हैं) नहीं होना चाहिये। यह अनुसूचित जाति (एस0सी0) अनुसूचित जनजाति (एस0टी0) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ0बी0सी0) सहित सभी श्रेणियों के अभ्यर्थियों पर लागू होगा। परीक्षा 02 मार्च (रविवार) को होगी जबकि आवेदन–पत्र 05 फरवरी 2025 सांय 05 बजे तक जमा किए जा सकते हैं।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 30 जनवरी को आयोजित होगा सामूहिक विवाह समारोह

अलीगढ़  जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाहयोजनान्तर्गत के सामूहिक विवाह का आयोजन 30 जनवरी को प्रस्तावित है। उन्होंने सभी जनपदवासियों को सूचित किया है कि योजना का लाभ लेने के लिए पात्र आवेदक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत निर्धारित बेवसाइट बउेअल.नचेकब.हवअ.पद पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत पात्रता के लिए कन्या के अभिभावक उ0प्र0 के मूल निवासी हो। कन्या के अभिवावक निराश्रित, निर्धन एवं जरूरतमद हो। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय सीमा अधिकतम 2 लाख तक होगी। विवाह के लिए किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य हो और वर की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। कन्या अविवाहित हो अथवा विधवा, परित्यकता, तलाकशुदा जिसका कानूनी रूप से तलाक हो गया हो, का पुर्नविवाह किया जाना हो योजना के तहत पात्र हैं। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के आवेदको को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

## अलीगढ़ नुमाइश में एक जिला–एक उत्पाद शिल्प ग्राम में लगेगा पुस्तक मेला, आर्ट गैलरी–हस्तशिल्प की लगेंगी दुकानें

जिलाधिकारी संजीव रंजन ने नुमाइश की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि शिल्प ग्राम की 105 दुकानें हैं। इनमें से अधिकांश दुकानें खाली रह जाती हैं। इन दुकानों में प्रदेश के सभी जिलों के उत्पाद प्रदर्शकों को आमंत्रित किया जाए।राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी (अलीगढ़ महोत्सव) में इस बार एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले के एक उत्पाद की झलक देखने को मिलेगी। उनके स्टाल यहां पर शिल्प ग्राम में लगाए जाएंगे। साथ ही पुस्तक मेला, आर्ट गैलरी और हस्तशिल्प की दुकानें भी लगाई जाएंगी।जिलाधिकारी ने कृष्णांजलि नाट्यशाला, कोहिनूर मंच और मुक्ताकाश मंच के डिजाइन भी फाइनल किए। निर्देश दिए कि यहां मंचों पर होने वाले कार्यक्रम में साउंड की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने नुमाइश का ठेका 2.20 करोड़ रुपये में होने पर सवाल उठाए। अन्य शहरों में होने वाले नुमाइश के ठेकों ते तुलना की और कहा कि वहां ठेके की रकम अधिक होती है। इस वारे में विस्तार से विवरण उपलब्ध कराने को कहा है।

## अन्नपूर्णा विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के साथ श्री अखलेश्वर मंदिर का 11 दिवसीय पाटोत्सव आरम्भ



अलीगढ़  श्री अखलेश्वर मंदिर का 11 दिवसीय पाटोत्सव अन्नपूर्णा विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साथ आरम्भ हुआ। आचार्य पं0 मेघश्याम शर्मा, सोनू शर्मा एवं पं0 राजेश शर्मा के सानिध्य में आरम्भ हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत विग्रहों का जल, फल एवं अन्न अधिवास के साथ कराया गया। आचार्य पं0 राजेश शर्मा ने बताया कि ऐसे मान्यता है कि शिल्पकार द्वारा प्रतिमा निर्माण के दौरान आई विक्रतियां अधिवास से दूर हो जाती हैं। इन अनुष्ठान में मांगों के माध्यम से मूर्ति के विभिन्न भागों को चौतन्य किया जाता है। इनमें सूर्य के मंत्रों से ऑखें, वायु के मंत्रों से कान और चन्द्रमा के मंत्रों से मन जागृत किया जाता है।मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश गौड ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य यजमान बृजमोहन वार्ष्णेय एवं श्रीमती स्नेहलता वार्ष्णेय के साथ प्रवीन अग्रवाल एवं उनकी पत्नी सारिका अग्रवाल रहे। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सेराजेम थेरेपी कैंप में  342 लोगों ने कराई निशुल्क थेरेपी , अवार्ड सेरेमनी में सम्मान पाकर खिले चेहरे

सेराजेम थेरेपी के निशुल्क कैंप में शुक्रवार को रामघाट रोड अलीगढ पर स्थित प्रकाश लोज पेट्रोल पंप के सामने, कैनरा बैंक के नीचे ग्राउंड फ्लोर पर गुरुवार को 342 व्यक्तियों ने सेराजेम थेरेपी का लाभ लिया । इस अवसर पर निदेशक संदीप पांडे ने बताया कि 24 जनवरी को प्रातः10 बजे से  अवार्ड सेरेमनी और सम्मान समारोह का कार्यक्रम हुआ जिसमे  जोनल डायरेक्टर सर प्रमोद कुमार तिवारी ने नई सी एस वी कराने वाले व्यक्तियों को पुरस्कृत किया ।  सभी असाध्य रोगों की जड़ है आपकी रीढ़ की हड्डी । बचपन मे जिस प्रकार से माँ  अपने बच्चे की कमर एवं रीढ़ की हड्डी की मालिश सुबह की गुनगुनी धूप में करती हैं जिससे बच्चा स्वस्थ रहता है । अगर उसी तरह से  युवावस्था में भी आपकी स्पाइन की  मालिश की जाए और सुबह की धूप में बैठा जाए तो आप लम्बा स्वस्थ जीवन जी सकते हैं । लेकिन आज कल इस तेज दौड़ भाग की जिंदगी में यह मुमकिन नही हो पा रहा है और आम व्यक्ति बुढ़ापे तक पहुँचते पहुँचते कई बीमारियों से ग्रस्त होता जा रहा है । सेराजेम थेरेपी  आपकी स्पाइन पर हीट एवं मसाज का काम करती है । सेराजेम से निकलने वाली एफ आई आर रेज मनुष्य जीवन के लिए जीवन दायनी होती हैं । आम तौर पर दवाएं रोग को जड़ से दूर नही करती हैं और रोग को दबाने का ही कार्य करती हैं जबकी सेराजेम थेरेपी रोग को जड़ से भगाने का कार्य करती है ।सेराजेम डायरेक्टर संदीप पांडे ने बताया कि  सेराजेम थेरेपी के  निशुल्क रेजिस्ट्रेशन आप अब कभी भी करा सकते हैं । सेराजेम थेरेपी का यह कार्य रामघाट रोड अलीगढ पर स्थित प्रकाश लोज पेट्रोल पंप के सामने, कैनरा बैंक के नीचे ग्राउंड फ्लोर पर प्रातः 9 बजे से सांय 4 बजे तक यूँ  ही चलता रहेगा । रजिस्ट्रेशन  कराने वाले व्यक्तियों को 100 दिन की सेराजेम थेरेपी निशुल्क दी जायेगी । थेरेपी करने वाली इच्छुक व्यक्ति दो सफेद चादर साथ लाएं ।  इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जोनल डायरेक्टर प्रमोद कुमार तिवारी,  निदेशक संदीप पांडे ,  बृजेश तिवारी , भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक, दीपक पौल , दुष्यन्त शर्मा  ,  नूरी कुरैशी , निशा भारद्वाज , लतेश ठाकुर , मधु भारद्वाज, सोनम , दीपिका वार्ष्णेय , सुशील वार्ष्णेय ,राजकुमारी , बिंदु केला , नसरीन , बिल्किस  बेगम , विमलेश , रुखसाना, चंद्र प्रकाश वर्मा , योगेंद्र पाल सिंह , दलवीर सिंह गोपाल शर्मा , आशा वार्ष्णेय , चंद्रकांता , विजय वार्ष्णेय , चंद्र देव शर्मा ,शांति स्वरूप ,उषा गुप्ता ,रामबेटी भूपेंद्र सिंह , रोहित शर्मा, विनीता सिंह , सुशीला सैनी, आर सी गुप्ता , आकांक्षा शर्मा , प्रीति शर्मा , प्रणय शर्मा , रश्मि वर्मा , रविंद्र कुमार ,राजेश गर्ग , बद्री प्रसाद,  शौकीन बेगम , कृष्ण गोपाल , कुलदीप गुप्ता , दीपक वार्ष्णेय, राखी गुप्ता , अवधेश कुमार सिंह, अर्जुन शर्मा , भूपाल सिंह, कादम्बिनी, गिरिराज किशोर, पूजा वार्ष्णेय , रश्मि सिंह, कंबल जीत कौर , कुंती देवी , अशोक तोमर ,सुमन , निर्मला वार्ष्णेय , प्रीति शर्मा अशोक तोमर, मुकेश कुमार गर्ग आदि उपस्थित रहे  ।

## जनपद में पूर्ण हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाया जाएगा 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

अलीगढ़ जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन द्वारा 25 जनवरी को आयोजित होने वाले 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन कर नोडल अधिकारियों के दायित्व, कार्य, स्थान एवं क्या और कैसे किया जाना है के विषय में अवगत करा दिया गया है।उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए नोडल अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वह राष्ट्रीय मतदाता दिवस को विधिवत रूप से सफल बनाने के लिए सौंपे गए दायित्वों का कुशलता से निर्वहन करेंगे। उन्होंने बताया कि यदि किसी को किसी कार्य में संदेह हो अथवा उसका कार्य स्पष्ट नहीं हो तो वह राजीव कुमार शर्मा, असस्टेन्ट प्रोफेसर, स्वीप को–ऑर्डिनेटर डी0एस0 डिग्री कालेज, 9457659600 एवं डा0 सपना सिंह, प्रोफेसर, स्वीप कोर्डिनेटर टीकाराम गर्ल्स महाविद्यालय, 9412606111 से सम्पर्क कर समन्वय स्थापित किया जा सकता है। 25 जनवरी को प्रातः 09 बजे घंटाघर से महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्पोर्ट्स स्टेडियम तक मतदाता जागरूकता दौड़ एवं नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज से धर्म समाज महाविद्यालय तक वोटर जागरूकता रैली, पूर्वान्ह 11 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह, धर्म समाज महाविद्यालय में पोस्टर, पेंटिंग व वाद–विवाद, निबंध प्रतियोगिता, श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय में स्लोगन, कविता व गीत प्रतियोगिता, टीकाराम कन्या महाविद्यालय में लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे धर्म समाज महाविद्यालय में मण्डलायुक्त या जिलाधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण समारोह में शपथ दिलाने के उपरांत प्रतिभागियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह वितरित किए जाएंगे।

## उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर अलीगढ़ नगर निगम मे हुआ 13 करोड़ 93 लाख 45 हजार के विकास कार्यो का शिलान्यास एवं लोकार्पण



उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर अलीगढ़ के कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अलीगढ़ नगर निगम द्वारा 13 करोड़ 93 लाख 45 हजार के विकास कार्य का शिलान्यास एक शुभारंभ महापौर प्रशांत सिंघल द्वारा किया गया जिसमें प्रमुख रूप से 89 निर्माण कार्य एवं 4 पथ प्रकाश के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास हुआ सउत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर दिनांक 24 जनवरी से 26 जनवरी के मध्य उत्तर प्रदेश दिवस शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर अलीगढ़ में चौमुखी विकास के क्रम मेंमंचासीन महापौर प्रशांत सिंघल मंडल आयुक्त संगीता सिंह जिलाधिकारी संजीव रंजन नगर आयुक्त विनोद कुमार, उपसभापति दिनेश जादौन स्थानीय पार्षद नईम अहमद की गरिमाय मौजूदगी में 89 निर्माण कार्यों व शहर की पथ प्रकाश व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए 4 कायो का लोकार्पण और शिलान्यास संपन्न हुआ।नगर आयुक्त विनोद कुमार ने उत्तर प्रदेश दिवस के शुभारंभ कार्यक्रम में सभी को उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी नगरीय निकायों में चौमुखी विकास के लिए धनराशि आवंटित की गई है आज उत्तर प्रदेश दिवस की शुभारंभ के अवसर पर अलीगढ़ नगर निगम द्वारा लगभग 6 करोड़ 12 लाख 29 हजार की धनराशि  के 37 कार्यों का लोकार्पण एवं  लगभग 6 करोड़ 50 लाख 95 हजार की धनराशि के 52 कार्यों का शिलान्यास हुआ जिसमे कुल  12 करोड़ 63 लाख 24 हजार की धनराशि मे 89 निर्माण कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास इसके साथ–साथ शहरी क्षेत्र में पथ प्रकाश व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए पथ प्रकाश के 4 कार्यों के लिए 1 करोड़ 30 लाख 21 हजार की धनराशि के कार्यों के लिए शिलान्यास हुआ है।महापौर प्रशान्त सिंघल ने कहा विकसित भारत की परिकल्पना विकसित उत्तर प्रदेश से ही सार्थक सिद्ध होगी। माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हमें गर्व है उत्तर प्रदेश सुरक्षित व उत्तम प्रदेश की ओर अग्रसर हो रहा हैउन्होंने कहा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए बजट के लिए हम आभारी हैं। शहर के विकास के लिए हमें सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। हमें शहर के नागरिकों का सहयोग चाहिए ताकि हम शहर को और बेहतर बना सकें।मंडलायुक्त संगीता सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शहर के विकास के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। हमें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा। हमें शहर के नागरिकों का सहयोग चाहिए ताकि हम शहर को और बेहतर बना सकें जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा हमें शहर के विकास के लिए कई योजनाएं शुरू करनी होंगी। हमें शहर के नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना होगा और शहर को और बेहतर बनाना होगा।ये रहे मौजूदमंचासीन महापौर प्रशांत सिंघल मंडलायुक्त संगीता सिंह जिलाधिकारी संजीव रंजन नगर आयुक्त विनोद कुमार उपसभापति दिनेश जादौन स्थानीय पार्षद नईम अहमद अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव मुख्य अभियंता सुरेश चंद मौजूद थे कार्यक्रम में माननीय पार्षदगण कुलदीप पाण्डेय पुष्पेंद्र कुमार जादौन योगेश सिंघल अनिल कुमार सेंगर राकेश ठाकुर शेर सिंह सैनी संजय पंडित स्नेह सिंह बघेल मोहम्मद हाफिज अब्बासी नीलाफेर दीपू शर्मा असलम नूर उस्मान जीनस मोहम्मद नदीम खां हरीश कुमार मुशरर्फ हुसैन नूर अब्बासी नसरीन खालिदा तबस्सुम आसिया आसिफ शाहिद अली योगेंद्र पाल सिंह उम्मेद आलम नईम अहमद भूपेंद्र सिंह संजीव कुमार शाहिन सुभाष शर्मा शबाना असलम राज बहादुर आमना बेगम छोटेलाल शर्मा आराधना मित्तल मोहम्मद गुलजार हारून अब्दुल मूतलिब बॉबी कुमार सुनील कुमार राजकुमार योगेश पवन कुमार नरेंद्र कुमार सैनी दिनेश भारद्वाज हरिशंकर सुरेंद्र प्रताप विनीत कुमार स्वर्णलता वार्ष्णेय निरंजन सिंह अंजना गुप्ता मोहम्मद शाकिर इमरान खां मनोज कुमार विमलेश सिंह रीनू सैनी राकेश ठाकुर लाल सिंह अंशु अग्रवाल पार्वती देवी वीनेश नसी अहमद दिनेश कुमार केला देवी आजाद सिंह महावीर सिंह अगन लाल विनोद कुमार करन सूरज हरिओम व नगर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# हाथरस के हत्यारों ने कबूला जुल्म, प्रॉपर्टी के चक्कर में वारदात को दिया अंजाम

# हाथरस में दो बच्चियों को जान से मारने वाले हत्यारों ने इस बात को कबूल किया



हाथरस में मासूम बहनों की हत्या, शिक्षक गंभीर घायल.
पुलिस ने 24 घंटे में आरोपियों को गिरफ्तार किया.
सगी बहनों की हत्या में रिश्तेदारों का हाथ सामने आया.
हत्या के लिए 2 लाख की सुपारी दी गई थी.
मुठभेड़ में आरोपियों के पैर में गोली लगी.

हाथरस में शिक्षक के घर में घुसकर दो सगी मासूम बहनों की गला रेत कर हत्या और दंपती को गंभीर घायल करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ करते हुए गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने दोनों को फिलहाल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। उपचार के बाद दोनों आरोपियों को कोर्ट पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने महज घटना के 24 घंटे में ही मुठभेड़ के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शिक्षक छोटेलाल की संपत्ति को हड़पने के लिए उसके चचेरे भतीजे विकास और उसके दोस्त लालूपाल को पूरे परिवार को जान से मारने के लिए 2 लाख रुपए की सुपारी दी गई थी। पुलिस ने इस दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों से घटना में प्रयुक्त चाकू के अलावा दो तमंचे, कारतूस और खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिए हैं। वहीं आरोपियों से पुलिस पूछताछ में सामने आया कि इस घटना का मास्ट. रमाइंड सोनेलाल पुत्र बाबूराम निवासी किशनपुर कपलिया थाना जहानाबाद जिला फतेहपुर है। वह शिक्षक छोटेलाल गौतम के सगे भाई बाबूलाल का बेटा है। शिक्षक छोटे लाल गौतम की संपति और जमीन उनके गांव में भी है। सोनेलाल ने हजार रुपए का एडवांस भी दिया।सदर कोतवाली क्षेत्र के आगरा रोड स्थित आशीर्वाद धाम कॉलोनी रहने वाले 45 साल के शिक्षक छोटे लाल गौतम मूलरूप से फतेहपुर के रहने वाले हैं। वह 20 साल से हाथरस में रहते हैं। जवाहर स्मारक इंटर कॉलेज, मीतई में प्रवक्ता हैं। छोटे लाल को एक साथ पहले पैरालिसिस अटैक आया था, तब से बिस्तर पर ही हैं। उनकी दो बेटियां सृष्टि (13) और विधि (7) थीं। सृष्टि कक्षा–6 और विधि कक्षा–1 में पढ़ती थी।रिश्ते के भतीजे ने सुपारी लेकर शिक्षक छोटेलाल गौतम और उनकी पत्नी वीरांगना समेत, श्रृष्टि और विधि का चाकू से गला रेता था। इस हत्याकांड में दोनों सगी बहनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। शिक्षक और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दो बहनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था, वहीं शिक्षक छोटेलाल गौतम और उनकी पत्नी वीरांगना को उपचार के लिए अलीगढ़ भिजवा दिया था।घटनाक्रम की जानकारी मिलने के बाद अलीगढ़ रेज के डीआ. ईजी प्रभाकर सिंह भी कल घटनास्थल पर पहुंचे थे। एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉयड को बुलाया था। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी को तीन टीमें लगाई थीं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस कर दोनों आरोपियों को महज 24 घंटे में मुठभेड़ कर गिरफ्तार करते हुए घटना का खुलासा किया।

## अचानक ड्राइवर को आई नींद, झपकी लगने से हुआ भयंकर हादसाय ट्रक से टकराई रोडवेज बस

हाथरस में रोडवेज बस के ट्रक के टक. राने से भयंकर हादसा हुआ जिसमें 12 यात्री घायल हो गए। तेज रफ्तार रोडवेज बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसा बीती रात दो बजे सिकंद. राराऊ में अलीगढ़ रोड पर हुआ जिसमें 12 यात्री घायल हुए हैं। बस फर्रुखाबाद डिपो की थी। दिल्ली जा रही थी। हादसे का कारण चालक को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है।हाथरस में रोडवेज बस के ट्रक के टकराने से भयंकर हादसा हुआ, जिसमें 12 यात्री घायल हो गए। तेज रफ्तार रोडवेज बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसा बीती रात दो बजे सिकंदराराऊ में अलीगढ़ रोड पर हुआ, जिसमें 12 यात्री घायल हुए हैं।बस फर्रुखाबाद डिपो की थी। दिल्ली जा रही थी। छह घायलों को अलीगढ़ के जेएन मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। अन्य को घर भेज दिया गया। हादसे का कारण चालक को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है।घायलों की सूची रू सिरा. जुद्दीन पुत्र मुन्ने खां निवासी गाजियाबाद. अतुल कुमार पुत्र देवेंद्र कुमार निवासी चौरसिया गजौला, फर्रुखाबादअफसर पुत्र इस्लाम निवासी पिंडोरा एटागजेंद्र सिंह पुत्र राजेंद्र निवासी जयसिंहपुर, फर्रुखाबादसीमा पत्नी विजय निवासी श्याम विहार, नई दिल्लीअशोक कुमार पुत्र रामसेवक निवासी भोलेपुर फर्रुखाबादसुनील कुमार पुत्र सुभाष चंद्र निवासी नवाबगंज,फर्रुखाबाद?संतोष कुमार पुत्र इतवारी लाल निवासी मिरहची एटाअंकित कुमार पुत्र रामकिशन निवासी फर्रुखाबादरामवीर पुत्र राजेंद्र निवासी दरियावगंज, कासगंजकृष्णपाल पुत्र संबल सिंह निवासी अरिशपुर शाहजहांपुरमो. हम्मद असलम पुत्र शहाबुद्दीन निवासी विजयनगर, गाजियाबाद

## हाथरस में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां

हाथरस में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में आज पुलिस लाइन में परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न हुआ। समारोह 26 जनवरी को होगा। परेड में कुल 8 टोलियां शामिल हैं, जिनमें सिविल पुलिस, पुलिस लाइन प्लाटून, पीएसी, महिला पुलिस, एनसीसी के पुरुष और महिला कैडेट्स शामिल हैं।इसके अलावा मोटरसाइकिल दस्ता, पीआरवी वाहन, वज्र वाहन, रेडियो शाखा, फील्ड यूनिट, श्वान दल और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी परेड का हिस्सा बनेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आगमन के बाद ध्वजारोहण होगा।इसके बाद मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक के साथ परेड का निरीक्षण करेंगे। परेड द्वारा हर्ष फायर, मार्च पास्ट और सलामी के बाद पुलिस अधीक्षक परेड को शपथ दिलाएंगे। मुख्य अतिथि के संबोधन और पुरस्कार वितरण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी।स्कूली बच्चों ने भी किया रिहर्सलसांस्कृतिक कार्यक्रमों में श्री रामचंद्र अग्रवाल कन्या इंटर कॉलेज, श्रीमती रामश्री देवी कन्या इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, दून पब्लिक स्कूल, सीमैक्स इंटरनेशनल स्कूल, सेंट फ्रांसिस इंटर कॉलेज, बीएलएस पब्लिक कॉलेज और मातृछाया साधना केंद्र के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आज स्कूली बच्चों ने भी रिहर्सल किया।

## कनपटी पर गोली मारकर युवक ने की आत्महत्या, मां ने पत्नी पर लगाया आरोप– शराब पीकर करती थी गाली–गलौज



हाथरस। मथुरा–बरेली नेशनल हाईवे गांव अहवरनपुर के निकट कार सवार युवक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। युवक ने कार में ही एक वीडियो बनाया और इसके बाद तमंचे से कनपटी पर गोली मार दी। कार में गोली की आवाज सुनकर लोगों ने सूचना इलाका पुलिस को दी।पुलिस ने लहूलुहान हालत में युवक को जिला अस्पताल लेकर आई, जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक की मां की तहरीर पर पत्नी समेत तीन पर आत्महत्या के लिए उकसाने का अभियोग पंजीकृत कर लिया है।10 वर्ष पूर्व हुई थी शादी थाना हाथरस जंक्शन के नगला अलिया निवासी शशी देवी पत्नी दिलीप कुमान ने बताया कि उसके बेटे सतीश की शादी 10 वर्ष पूर्व रेनू देवी पत्नी ओमकार सिंह निवासी मनिकपुर कपसिया थाना सिकंदराराऊ से हुई थी। महिला ने बताया कि रेनू शराब पीने लगी और आए दिन मेरे बेटे गाली गलौज व अपमान जनक शब्द कहती थी।वह बेटे (मृतक सतीश) से कहती थी कि तू कहीं जाकर मरता भी नही और रेनू के पक्ष में प्रशांत और अंजली पत्नी वरुन निवासी महामई थाना सिकंदराराऊ आ जाते थे। मेरे बेटे के साथ बदतमीजी करते थे, जिससे बेटे का जीना दुश्वार हो गया हो गया। बेटे को ये तीनों आए दिन प्रताड़ित करते थे।इनकी प्रताड़ना से तंग आकर बेटे ने गुरुवार की दोपहर बरेली मथुरा हाईवे गांव अहवरनपुर के सामने अपनी स्विफ्ट कार में तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। युवक सिकंदराराऊ में डेयरी का काम करता था। युवक की बहन की ससुराल भी गांव अहवरनपुर में है।युवक ने वीडियो में क्या कहा? युवक ने आत्महत्या करने से पूर्व कार में वीडियो बनाया है। युवक वीडियो में कहा कि वह आत्महत्या कर रहा है। उसने किसी पर भी कुछ आरोप नहीं लगाए है। फिलहाल पुलिस ने आत्महत्या के लिए उससाने के मामले में उसकी पत्नी रेनू और दो नामजदों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तमंचे से गोली मारकर युवक ने आत्महत्या की है। वहीं, शिकायत के आधार पर युवक की मां की तहरीर पर पत्नी समेत दो के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। मामले में जांच की जा रही है। –

## राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर हाथरस में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर हाथरस में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंजीत सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस आयोजन में पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमार अग्निहोत्री, जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. राजीव रॉय, और जिला कार्यक्रम प्रबंधक बलवीर वर्मा सहित आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्कूली बच्चों ने भाग लिया।रैली का मुख्य उद्देश्य गर्भस्थ शिशु के लिंग की जांच के खिलाफ जागरूकता फैलाना था। यह स्पष्ट किया गया कि भ्रूण लिंग जांच एक कानूनी अपराध है और पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 के तहत दंडनीय है। जिले में इस कानून को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। विशेष रूप से, जिले में 1 जुलाई 2017 से एक मुखबिर योजना लागू है, जिसके तहत अवैध लिंग जांच की सूचना देने वाले व्यक्तियों को पुरस्कृत किया जाता है।ऑनलाइन भी दर्ज करा सकते हैं शिकायतइस योजना में मुखबिर, मिथ्या ग्राहक और मिथ्या

## पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के सभी कार्यालय शाखाओं व थानों में ई–ऑफिस का शुभारम्भ किया गया

हाथरस। अवगत कराना है किई–ऑफिस एक डिजिटल प्रणाली है, यह केन्द्रीय सचिवालय नियमावली पर आधारित है । ई–ऑफिस द्वारा कार्यालयो में की जा रही सम्पूर्ण कार्यवाही को कागजरहित तथा अत्यधिक तीव्र बनाये जाने के उद्देश्य से लागू किया जा रहा है । ई–ऑफिस का निर्माण द्वारा किया गया है । यह भारत सरकार के डिजिटल इण्डिया कार्यक्रम का एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य सरकारी प्रक्रियाओं को पारदर्शी, तेज और जवाबदेह बनाना है। इसी कार्यक्रम के तहत पुलिस विभाग के भीतर प्रशासनिक प्रक्रियाओं को आधुनिक बनाना है, जिससे दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी । ई–ऑफिस के प्रयोग से पुलिस विभाग द्वारा प्रौद्योगिकी को अपनाते हुए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जायेगा तथा जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करने और पुलिस बल के समग्र कार्यप्रणाली को बढ़ाने में सहायक होगा । पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के द्वारा जनपद में ई–ऑफिस के क्रियान्वित हेतु पुलिस कार्यालय सभागार कक्ष से शुभारम्भ करते हुए जनपद के समस्त थानाध्कार्यालयों व शाखाओं में ई–ऑफिस प्रणाली पर शत–प्रतिशत कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार (नोडल अधिकारी ई–ऑफिस), पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं के प्रभारी, वर्चुअली रूप से जुडे जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थाना प्रभारी आदि अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे । सर्वप्रथम फीता काटकर ई–ऑफिस का शुभारम्भ किया गया तथा बताया गया कि समस्त अधिकारी कर्मचारियों के Gov ID o VPN तैयार कराया गया तथा समस्त प्रभारियों को ई–आफिस के माध्यम से हस्ताक्षर करने हेतु कैे (क्पहपजंस ैपहदंजनतम ब्मत. जपपिबंजम) बनवाये गये । महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं में ई–ऑफिस कार्यप्रणाली से कार्य करने का शुभारम्भ किया गया है एवं जनपद के समस्त अधिकारीध्कर्मचारीगण को बताया गया कि आप सभी की भागीदारी एवं कटिबद्धता इसको सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण होगी तथा निर्देशित किया गया कि पुलिस के सभी कार्य ई–ऑफिस के माध्यम से किये जायेंगे । मा० मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी जनपदों में दिनांक 01.03. 2025 तक प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए थे जनपद शासन व पुलिस महानिद. ेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ से प्राप्त निद. ेशों के क्रम में ई ऑफिस प्रणाली प्रारंभ कर दी गई है।ई–ऑफिस के शुभारम्भ के दौरान महोदय द्वारा बताया गया कि ई–ऑफिस प्रणाली को जनपद में प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए समस्त थानाध्शाखाध्कार्यालयों में नियुक्त कर्मच. ारियों को ट्रेनिंग दी गई है । यह प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया, जिसमें पुलिसक. र्मियों को ई–ऑफिस की तकनीकी जानकारी दी गई है ।

## हाथरस बिटिया प्रकरण राहुल गांधी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, मानहानि का परिवाद दायर, यह लगाया आरोप

लोकसभा सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हाथरस के एसीजेएम,एमपी एमएलए कोर्ट दीपक नाथ सरस्वती के न्यायालय में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद दाखिल हुआ है। न्यायालय ने परिवादी के बयानों के लिए 10 फरवरी की तिथि नियत की है।वरिष्ठ अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंढीर ने बताया कि थाना चंदपा क्षेत्र के गांव बूलगढ़ी निवासी रामकुमार उर्फ रामू की ओर से परिवाद दाखिल किया गया है। परिवाद में कहा गया है कि न्यायालय के निर्णय के बावजूद भी वोट की राजनीति के लिए जातिगत विद्वेष के लिए कारण 12 दिसंबर 2024 को शांत एवं स्थिर गांव बूलगढ़ी का दौरा कर मृत मुद्दे को पुनर्जीवित करने को जानबूझकर परिवादी को समाज में अपमानित एवं चारित्रिक हनन के उद्देश्य से अवैधानिक लाभ के लिए सोशल मीडिया पर अपने एक्स हेंडिल पर बयानबाजी की।परिवाद में कहा गया कि न्यायालय के निर्णय 2 मार्च 2023 की एवं जानकारी होने के बावजूद भी बोले कि हाथरस बिटिया प्रकरण में पीड़िता के परिवार को घर में बंद रखना और आरोपियों का खुलेआम घूमना बाबा साहब के संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। राहुल गांधी ने वीडियो एवं पोस्ट अपलोड की। परिवादी की ओर से राहुल गांधी को विधिक नोटिस भेजा गया था और अपने शेष जीवन को सुगम बनाने को प्रतिकर के रूप में 50 लख रुपए की मांग की थी। विधिक नोटिस के तामील होने के बावजूद जवाब भी नहीं भेजा। न्यायालय में परिवादी के बयानों के लिए 10 फरवरी की तिथि नियत की है।

# एटा कलेक्ट्रेट में बड़ी लापरवाही अपर जिलाधिकारी की नेम प्लेट पर सत्य प्रकाश का उर्दू अनुवाद बना तमाम रोशनी

## जांच में पता चला कि यह गलती गूगल ट्रांसलेशन का इस्तेमाल करने के कारण हुई

एटा कलेक्ट्रेट में एक चौंकाने वाली लापरवाही सामने आई है। अपर जिलाधिकारी (एडीएम) सत्य प्रकाश के कार्यालय के बाहर लगी नेम प्लेट में उनके नाम को हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू में लिखा गया है। लेकिन उर्दू अनुवाद में सत्य प्रकाश को गलत तरीके से तमाम रोशनीष लिखा गया। यह गलती न केवल प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है बल्कि यह भी दिखाती है कि जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्यों में कितने लापरवाह हो सकते हैं।यह मामला तब सामने आया जब अकरम नामक एक युवक की नजर इस नेम प्लेट पर पड़ी। उसने देखा कि ष्सत्य प्रकाशष का उर्दू अनुवाद पूरी तरह गलत है और अनुवाद में ष्तमाम रोशनीष लिखा गया है। उसने तुरंत जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह को इसकी जानकारी दी। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी नेम प्लेटों की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने तत्काल गलत नेम प्लेटों को हटाने और उन्हें सही करने के आदेश दिए।जांच में पता चला कि यह गलती गूगल ट्रांसलेशन का इस्तेमाल करने के कारण हुई। पेंटर या संबंधित कर्मचारी ने उर्दू भाषा का सही ज्ञान न होने के कारण गूगल से नाम का अनुवाद किया, जिससे यह हास्यास्पद त्रुटि हुई। प्रशासन की इस लापरवाही ने कलेक्ट्रेट में तैनात उर्दू अनुवादक की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं। कलेक्ट्रेट में उर्दू अनुवादक की नियुक्ति होती है, लेकिन इसके बावजूद इस तरह की चूक होना बेहद चिंताजनक है। सबसे अधिक हैरानी की बात यह है कि यह नेम प्लेट काफी समय से लगी हुई थी, लेकिन किसी भी अधिकारी, कर्मच.



ारी, या आगंतुक ने इस पर ध्यान नहीं दिया। अकरम की सतर्कता से यह गलती उजागर हुई। जिलाधिकारी ने पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में लगी नेम प्लेटों की जांच करवाने और अनुवाद संबंधी गलतियों को सुधारने के निर्देश दिए हैं। यह घटना प्रशासनिक लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण है। ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर सतर्कता और ध्यान देने की आवश्यकता है, खासकर जब यह एक सार्वजनिक कार्यालय और भाषा से संबंधित हो। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन भविष्य में ऐसी गलतियों को रोकने के लिए क्या कदम उठाएगा। प्रशासन की लापरवाही का यह विषय पूरे जनपद में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

# कासगंज के पहाड़पुर गांव में एक विवाहिता को उसके ससुराल वालों ने घर से बाहर कर दिया



कासगंज के पहाड़पुर गांव में एक विवाहिता को उसके ससुराल वालों ने घर से बाहर कर दिया है। पीड़िता अपने परिवार के साथ पिछले तीन दिनों से ससुराल के दरवाजे पर धरने पर बैठी है। जबकि ससुराल वाले घर में ताला लगाकर फरार हो गए हैं।मामला थाना कासगंज क्षेत्र का है। पीड़िता के पिता कैलाश ने बताया कि वे थाना सहावर क्षेत्र के गुड़गुड़ी गांव के निवासी हैं। उन्होंने अपनी दो बेटियों नीरज और डीलेश की शादी 2021 में पहाड़पुर माफी गांव निवासी प्रेम सिंह के बेटों संजू और हरिओम से की थी। शादी के एक साल बाद 13 अप्रैल को छोटी बेटी डीलेश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसमें ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगा। इस मामले में एफआईआर भी दर्ज कराई गई।बड़ी बेटी नीरज को ससुराल वाले पुलिस केस की वजह से प्रताड़ित करने लगे। परिवार ने छोटी बेटी के मामले में केस वापस ले लिया। लेकिन अब ससुराल वाले नीरज को भी प्रताड़ित कर रहे हैं। 19 जनवरी को जब नीरज अपने परिवार के साथ ससुराल पहुंची, तो उसे घर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। तब से नीरज अपने पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ससुराल के दरवाजे पर धरने पर बैठी है।पीड़िता विवाहिता का पिता कैलाश अपनी नम आंखों से पुलिस प्रशासन से विवाहिता की मदद करने के लिए गिड़गिड़ा रहा है। लेकिन पुलिस प्रशासन मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। पीड़ित के प्रार्थना पत्र थाने में देने के बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

# कासगंज जिले की कोतवाली सोरों पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन शातिर लुटेरों को किया गिरफ्तार

कासगंज जिले की कोतवाली सोरों पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों ने जिले में दो बड़ी लूट की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट का माल, अवैध हथियार और घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की है।गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कासगंज निवासी रोहित, धर्मेंद्र और फिरोजाबाद निवासी राहुल रूप में हुई है। एएसपी राजेश भारती के अनुसार, इन अपराधियों ने थाना सोरों क्षेत्र में एक किसान से 78 हजार 800 रुपए की लूट की थी। इसके अलावा, 17 जनवरी को कोतवाली कासगंज क्षेत्र के नगला कल्लू के पास व्यापारी भूपेंद्र सिंह से तमंचे के बल पर डेढ़ लाख रुपए लूट लिए थे।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट के 34 हजार 500 रुपए, एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस और वारदात में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, तीनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है और उनके खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# किसान रजिस्ट्री में सभी सीएससी . को तेजी लाने के निर्देश

कासगंज। आज दिनांक 23.01.2025 को तहसील सभागार पटियाली में किसान रजिस्ट्री के संबन्ध में जन सुविधा केंद्र संचालकों की बैठक आयोजित हुई उप जिलाधिकारी पटियाली ने किसान रजिस्ट्री में धीमी गति को लेकर नारा. जगी व्यक्त की एवं सभी सीएससी वीएलई को निर्देश दिए कि सभी सीएससी केंद्र संचालक प्रतिदिन अधिक से अधिक किसान रजिस्ट्री में पंजीकरण करें।उप कृषि निदेशक कासगंज महेंद्र सिंह ने सभी सीएससी संचालकों को कम से कम 50–50 किसान रजिस्ट्री करने हेतु निर्देशित किया। सभी जन सुविधा केंद्र संचालकों को पीएम किसान पंजीकरण एवं फैमिली आईडी पंजीकरण के संबंध में भी निर्देशित किया गया। साथ ही पंजीकरण के दौरान नियमानुसार अभिलेख अपलोड करने एवं पंजीकरण रसीद पर अपने जन सेवा केंद्र की मोहर लगाने हेतु भी निर्देशित किया गया।सीएससी जिला प्रबंधक सोमेंद्र सिंह ने कहा कि जो सीएससी संचालक किसान रजिस्ट्री में कार्य नहीं कर रहे हैं ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके सीएससी केंद्र के लाइसेंस को निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। सभी जन सुविधा केंद्र संचालकों को रात्रि कैंप लगाकर किसानों के पंजीकरण करने हेतु भी निर्देशित किया गया।बैठक में उप जिलाधिकारी पटियाली प्रदीप कुमार विमल, उप कृषि निदेशक महेंद्र सिंह, जिला प्रबन्धक सीएससी सोमेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार आदि उपस्थित रहे।आधार सेवा केंद्र का निरीक्षण पटियाली ब्लॉक में संचालित आधार सेवा केंद्र का उप कृषि निदेशक महेंद्र सिंह एवं सीएससी जिला प्रबन्धक सोमेंद्र सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रबन्धक ने आधार सेवा केंद्र प्रभारी को यूआ. ईडीएआई के नियमानुसार कार्य करने के निर्देश दिए साथ ही वृद्ध, दिव्यांग एवं गर्भवती महिलाओं के प्राथमिकता के आधार पर आधार कार्ड से संबंधित कार्य करने की निर्देश दिए।जन सुविधा केंद्रों का निरीक्षण पटियाली। उप कृषि निदेशक महेंद्र सिंह एवं जिला प्रबंधक सोमेंद्र सिंह द्वारा जन सुविधा केंद्रों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान सभी सीएससी संचालकों को ज्यादा से ज्यादा किसान रजिस्ट्री में पंजीकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।

# अवैध खनन कर बालू और मिट्टी ले जाते पांच ट्रैक्टर–ट्रॉली पकड़े



कासगंज। पटियाली तहसील क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने के लिए खनन विभाग की टीम ने छापा मार कार्रवाई की। इस दौरान खनन अधिकारी ने सिढ़पुरा क्षेत्र के बालू लेकर जा रहे तीन ट्रैक्टर व पटियाली में दो मिट्टी से भरे ट्रैक्टर को चेकिंग के दौरान पकड़ा है। पकड़े गए पांचों ट्रैक्टर पर 1 लाख 25 हजार रुपये का खनन अधिकारी ने लगाया है।पटियाली क्षेत्र में लगातार अवैध खनन की सूचना खनन विभाग को मिल रही थी। खनन अधिकारी सुरेश लकड़ा ने क्षेत्र में छापा मार कार्रवाई । कादरगंज क्षेत्र से बालू भरकर ट्रैक्टर–ट्रॉली को लेकर चालक एटा की ओर ले जा रहे थे। मोहनुपर मार्ग पर टीम के रोके जाने पर चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर भाग गए। बालू से भरे तीनों ट्रैक्टर–ट्रॉली को खनन अधिकारी ने पुलिस को सुपुर्द कर दिया। वहीं, पटियाली क्षेत्र में मिट्टी भरकर ले जा रहे दो ट्रैक्टर–ट्रॉली को पकड़ा है। खनन अधिकारी सुरेश लकड़ा ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन को रो. कने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। अवैध खनन कर बालू ले जा रहे तीन ट्रैक्टरों पर करीब 75 हजार रुपये व मिट्टी ले जा रहे दो ट्रैक्टर पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

# ट्रैक्टर की बैटरी चोरी कर रहे . युवकों को लोगों ने पकड़ा



अवागढ़। गांव खुशरई में दो युवक ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी कर रहे थे। लोगों ने इनमें से एक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। उससे पूछताछ के आधार पर साथी को भी पुलिस ने पकड़ लिया। दोनों को जेल भेजा गया है।गांव निवासी प्रीतम सिंह ने बताया कि घर के सामने उसका ट्रैक्टर खड़ा था। साथ में दो अन्य ट्रैक्टर भी खड़े थे। बुधवार रात कार आकर रुकी। इनमें से उतरे दो युवकों ने ट्रैक्टरों से बैटरियां खोल लीं और कार में रख लीं। आहट सुनाई देने पर मैंने जाकर देखा और शोर मचाया। इसे देख एक युवक भाग गया। उसके साथी कृपा शंकर निवासी सलेमपुर गादुरी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया जिसे पुलिस के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी कपिल कुमार ने चोर को साथ लेकर उसके साथियों और चोरी किए गए माल की तलाश शुरू कर दी। साथी आलोक वर्धन निवासी जारऊ सादाबाद थाना कोतवाली हाथरस को भी पकड़ लिया। दोनों को जेल भेजा गया है।

# अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति बढ़ाने हेतु विकासखंड सोरों एवं कासगंज से संबंधित बैठक संपन्न

कासगंज  जिलाधिकारी महोदया के निर्देशों के क्रम में फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति बढ़ाने हेतु विकासखंड सोरों एवं कासगंज से संबंधित बैठक रुद्राक्ष सभागार में अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल  की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इस बैठक में 180 जन सेवा केंद्र संचालक उपस्थित हुए इसके साथ–साथ उप कृषि निदेशक कासगंज एवं जन सेवा केंद्र जिला मैनेजर श्री सोमेंद्र सिंह उपस्थित रहे इस बैठक में फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित होने वाली सभी प्राथमिकताओं पर विस्तृत चर्चा की गई एवं  जन सेवा केंद्र संचालकों  को संदेश दिया गया कि अधिक से अधिक संख्या में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य करना सुनिश्चित करें दिन और रात्रि में काम से कम प्रति जन सेवा केंद्र को 50 फार्मर रजिस्ट्री करने  के निर्देश दिए गए जिनको सभी संचालकों ने करने हेतु सहमत भी कराई गई इसके अतिरिक्त फैमिली आईडी को भी करने की चर्चा की गई इसके बारे में बताया गया कि जिन ग्रामीण किसानों को राशन  उपलब्ध हो रहा है उनकी फैमिली आईडी बनी हुई है इसके अतिरिक्त जिनको राशन नहीं मिला उनकी फैमिली आईडी को  बनाया जाना है।जनपद में लगभग 34 हजार फै. मिली आईडी अभी नहीं बनी हुई है इस को बनाने के लिए अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए साथ ही पीएम किसान के लाभार्थी किसानों के मृतक आश्रितों की जो जन सेवा केंद्र के माध्यम से पंजीकरण किया जा रहा है उस पर भी विचार विमर्श किया गया जिसमें एक परिवार के किसी एक सदस्य को पति–पत्नी और बच्चों में से किसी एक सदस्य को ही प्रधानमंत्री सम्मान निधि प्राप्त होगी चाहे जमीन घर के सभी सदस्यों पर हो यह ध्यान रखा जाए की एक परिवार को एक  पंजीकरण में विशेष ध्यान सावधानी बरतने के लिए  बोला गया और   केंद्र  की खतौनी पर  मोहर भी अंकित की जाए जिससे किसी भी दशा में कोई गलत पंजीकरण न किए जाएं जिससे कि किसानों को बाद में परेशानी का सामना करना पड़े क्योंकि फिजिकल वेरिफि केशन में ऐसे कैसे फिजिकल वेरिफिकेशन द्वारा ऐसे केसों को डिलीट करदिया जाता है




आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मौः-8218049162,8273402499

जननायक सम्राट हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा

# गणतंत्र दिवस पर स्कूल-कॉलेज के लिए बच्चे ऐसे तैयार करें भाषण




26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस को से. लिब्रेट करने के लिए पूरा देश तिरंगे के रंग में रंगकर तैयार हो चुका है. इस दौरान पूरे देश में जश्न मनाया जाता है. कर्तव्य पथ से लेकर स्कूल–कॉलेज और तमाम संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. अगर आपका बच्चा भी अपने स्कूल–कॉलेज में भाषण या शॉर्ट स्पीच की तैयारी कर रहा है तो ये टिप्स और डिटेल्स आपके काम आ सकते हैं. इन टॉपिक्स पर दे सकते हैं भाषण गणतंत्र दिवस पर भाषण देना चाहते हैं तो उसका टॉपिक चुनना बेहद जरूरी होता है. दरअसल, टॉपिक की वजह से आपका भाषण प्रभावशाली लगता है. ऐसे में आप इन टॉपिक को भी इस्तेमाल कर सकते हैं. गणतंत्र दिवस का महत्व और इसका इतिहासभारतीय संविधानरू इसकी विशेषताएं और हमारी जिम्मेदारियांभारत की प्रगतिरू पिछले 75 वर्षों की यात्रायुवाओं की भूमिकारू गणतंत्र की मजबूती में योगदान लोकतंत्र और गणतंत्र इनके बीच का अंतर और भारत में इनका महत्व आधुनिक भारत और हमारी राष्ट्रीय एकताआजादी के नायक और गणतंत्र के निर्माता गणतंत्र दिवस पर महिला सश. क्तिकरण और समानता का संदेश गांव, गरीब और किसानरू भारत के गणतंत्र का मूल आधारआधुनिक तकनीक और भारत का विकासरू गणतंत्र के नए आयाम विविधता में एकतारू भारत के गणतंत्र का सारसभी के लिए शिक्षाएक प्रगतिशील गणराज्य की कुंजी भारतीय संविधान की यात्रारू दृष्टि से वास्तवि. कता तकडिजिटल इंडियारू 21वीं सदी में राष्ट्र का परिवर्तन महिला सशक्तिकरण भारतीय गणतंत्र का एक स्तंभगणतंत्र का गौरव गान संविधान का प्रकाश पथआ. जादी का स्वर, लोकतंत्र का मागगणतंत्र दिवस का संदेश शहीदों के सपनों का सूर्योदयरू 75 साल का गौरवशाली सफरबढ़ते कदम, उजागर रास्तारू 21वीं सदी में भारत का गणतंत्रकैसे तैयार करें भाषण?गणतंत्र दिवस पर भाषण तैयार करते वक्त कई चीजों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है. सबसे पहले तो गणतंत्र दिवस और उससे संबंधित घटनाओं के महत्व पर अच्छी तरह रिसर्च करनी चाहिए. इसके अलावा भाषण स्पष्ट और संक्षिप्त होना चाहिए. जब आप भाषण दें तो वह एकदम स्पष्ट और संक्षित होना चाहिए. वास्तविक घटनाओं और प्रभावशाली शब्दों से ही देशभक्ति को व्यक्त करना चाहिए. भाषण में हमेशा सरल भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए. भाषण देते वक्त स्पष्ट रूप से बोलें. अपनी आवाज नियंत्रित रखें और बोलने की रफ्तार एक लय में रहनी चाहिए. ये भाषण आ सकते हैं आपके काम उदाहरण 1मित्रों और प्यारे देशवासियों, गणतंत्र दिवस की पावन बेला में आप सभी को मेरा प्रणाम!आज का दिन हम सबके लिए गौरव और हर्ष का दिन है. यह वह दिन है, जब हमारे पूर्वजों के अथक संघर्ष और बलिदानों से 75 साल पहले हमने एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में अपनी पहचान स्थापित की थी. एक ऐसी जमीन तैयार की, जहां हर नागरिक को, चाहे वह किसी भी धर्म–जाति या भाषा का हो, समानता–न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है.इस पावन अवसर पर हमें उन अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों को याद करना चाहिए, जिनके हौसलों और त्याग के बिना स्वतंत्रता का पावन सूर्योदय कभी न होता. वे वीर सपूत, जिन्होंने अंग्रेजों के सदियों के जुल्म के खिलाफ बगावत का बिगुल बजाया, जिन्होंने जेलों की यातनाएं झेलीं. फांसी के तख्ते पर हंसते–हंसते चढ़े और अपने प्राणों की आहुति देकर हमें यह अनमोल आजादी दिलाई.हालांकि, आजादी मिलना ही काफी नहीं था, उसे संजोना भी बेहद जरूरी था. यही वजह है कि हमारे संविधान निर्माताओं ने वह दिव्य दस्तावेज रचा, जिसने हमारे गणतंत्र को मजबूत आधार दिया. डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर, मौलाना अबुल कलाम आजाद, राजेंद्र प्रसाद जैसी शख्सियतों की सूझबूझ और दूरदर्शिता ने हमें संविधान का वह प्रकाशस्तंभ दिया, जो हमें लोकतंत्र के अंधकार से निकालकर न्याय–समानता और भाईचारे के उजाले में लाता है. संविधान, वो आधारशिला है जिस पर हमारा लोकतंत्र टिका हुआ है. वो कवच है जो हर नागरिक को अन्याय के तीरों से बचाता है. वो पवित्र ग्रंथ है जो हमें हमारे कर्तव्य का बोध कराता है. हमें ये याद दिलाता है कि स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी आती है. हमें भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी होगी, शिक्षा का दीप जलाना होगा, और एक समृद्ध और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेना होगा.तो आओ, इस गणतंत्र दिवस पर हम मिलकर संकल्प लें कि हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को, संविधान निर्माताओं के सपनों को, सार्थक बनाएंगे. हम एकता, अखंडता और मानवता के मूल्यों को मजबूत करेंगे. हम अपने मतभेदों को मिटाकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखेंगे. हम भारत को विश्व पटल पर गौरवान्वित करेंगे.जय हिंद! जय भारत!उदाहरण 2 आदरणीय प्रधानचार्य, शिक्षक और मेरे प्यारे दोस्तों, आज, जब हम भारत के जीवंत आकाश के नीचे खड़े हैं, मैं उस दिन के बारे में बात करना चाहता हूं जो हमारे दिलों को गर्व से भर देता है और हमें अपने मन की बात कहने के लिए प्रेरित करता है. लेकिन बल. ये मुझे ये कहने पर मजबूर करता है. ये मुझे ये कहने पर मजबूर करता है. कहने को प्रेरित करता है. आजादी देता है – गणतंत्र दिवस!77 साल पहले, इसी दिन हमारे देश का एक स्वतंत्र गणतंत्र के रूप में जन्म हुआ था.इस दिन, हम ब्रिटिश शासन की बेड़ियों से बच निकले, स्वतंत्रता की उज्ज्वल रोशनी में प्रवेश किया और लोकतंत्र के स्तंभों पर मजबूती से खड़े एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में उभरे. भारत का आकाश आख़िरकार भारतीय लोगों का था, जो न केवल ब्रिटिश शासन से आजादी का प्रतीक था, बल्कि उन असीमित संभावनाओं और सपनों का भी था जिन्हें हमारा जीवंत राष्ट्र अब हासिल करने की आकांक्षा कर सकता है.उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में सोचें जिन्होंने इस दिन के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया. उनके अटूट साहस ने स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया, जिससे हम एक गौरवान्वित राष्ट्र के रूप में खड़े हो सके. हम पर उनका कृतज्ञता का गहरा ऋण है. लेकिन गणतंत्र दिवस केवल अतीत को याद करने के बारे में नहीं हैय यह वर्तमान को अपनाने और भविष्य के निर्माण के बारे में है. यह सीखने, बड़े सपने देखने और ऊंचे लक्ष्य रखने की आजादी है. यह बोलने और अपनी आवाज सुनने की आजादी है. यह सहिष्णु होने और दूसरों के प्रति दयालु होने की स्वतंत्रता है.तो, आइए गणतंत्र दिवस को केवल झंडों और मिठाइयों के साथ नहीं, बल्कि कार्यों के साथ मनाएं. आइए हमारे संविधान के मूल्यों को कायम रखते हुए जिम्मेदार नागरिक बनें. आइए हम एक–दूसरे के मतभेदों का सम्मान करें और अपनी विविधता का जश्न मनाएं, आखिरकार भारत विविधता में एकता का देश है.सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ! आइये, हाथ में हाथ डालकर एक उज्जवल, अधिक गौरवशाली भारत की ओर आगे बढ़ें!

## 26 जनवरी की परेड में नाचने लगीं PM इंदिरा गांधी, पढ़ें रिपब्लिक डे का सालों पुराना किस्सा

26 जनवरी वो दिन होता है जब हर भारतीय का मन देशभक्ति से भरा होता है. कर्तव्यपथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस की परेड को देखने के लिए देशभर के लोग बेहद उत्साहित रहते हैं. 26 जनवरी पर होने वाली परेड में देश की तीनों सेनाओं के शौर्य का प्रदर्शन देखने को मिलता है. भारत इस बार पूरे जोर–शोर के साथ अपना 75वां गणतंत्र दिवस मनाने के लिए तैयार है. ऐसे में 26 जनवरी के मौके पर इतिहास के पन्नों में दर्ज हुई कई यादें भी ताजा होने लगती हैं. ऐसी ही एक किस्सा आज हम खोलने जा रहे हैं, जो पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से जुड़ा है. 26 जनवरी, 1966 के उस एक किस्से की, तब प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के निधन के बाद इंदिरा गांधी को देश की महिला प्रधानमंत्री चुना गया था. तब वह गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल हुई और यहां लोक कलाकारों संग नृत्य भी करती नजर आईं. उस वक्त नृत्य करते हुए उनकी तस्वीरें आज भी अक्सर सोशल मीडिया पर देखने को मिल जाती हैं. उस दौरान नागालैंड के लोक कलाकारों ने खूबसूरत झांकी निकाली थी, जिन्हें देख इंदिरा गांधी खुद को रोक नहीं पाईं और वह भी उनके साथ नृत्य करने लगीं. इंदिरा गांधी को इस तरह किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में देखा जा रहा था. यह दृश्य हर किसी के लिए बहुत रोमांचक था. इसके बाद 1971 में गणतंत्र दिवस की परेड में एक बार फिर से ऐसा ही मंजर देखने को मिला. पीएम इंदिरा गांधी 26 जनवरी को राजस्थान के लोक कलाकारों के साथ फिर नृत्य करती दिखीं. इस दौरान उन्होंने राजस्थानी परिधान भी पहने थे. अन्य कलाकारों की तरह इंदिरा ने भी अपने सिर पर कलश रखे थे.बता दें कि प्रधानमंत्री बनने से पहले भी इंदिरा गांधी को इन कार्यक्रमों में नृत्य करते हुए देखा जाता था. वह 1958 में गणतंत्र दिवस पर लोक नृत्यों को दिए स्वागत समारोह में शामिल हुई थीं.

## गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न, गिरिडीह एसपी ने तैयारियों का किया



गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर शुक्रवार को 11 बजे तक झंडा मैदान में परेड का अंतिम रिहर्सल फुल ड्रेस में किया गया। यहां सीआरपीएफ ,जिला पुलिस बल, महिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट के साथ साथ विभिन्न स्कूलों के स्कूली बच्चों ने परेड में भाग लिया। इस दौरान यहां तैयारियों का जायजा लेने गिरिडीह एसपी डॉ. बिमल कुमार झंडा मैदान पहुंचे और परेड की तैयारियों का निरीक्षण किया। फुल ड्रेस रिर्हसल के दौरान गणतंत्र दिवस को किए जाने वाले सभी कार्यक्रमों को दुहराया गया एवं परेड पार्टियों से मार्च पास्ट सलामी भी ली गई।बताया गया कि गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम में मार्च पास्ट परेड मुख्य आकर्षण होगा।

## गणतंत्र दिवस की परेड के लिए बदला मेट्रो का समय, .जानें 26 जनवरी को कितने बजे चलेगी पहली मेट्रो



हर साल की तरह इस साल भी गणतंत्र दिवस को लेकर देश उत्साह में है। इस बार परेड में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो भारत के राजकीय मे. हमान होंगे। इस दिन की अपनी अलग कहानी है क्योंकि इस दिन हमारे देश का संविधान लागू हुआ था। इसलिए 26 जनवरी के दिन कर्तव्य पथ पर परेड निकलती है और पूरा देश ही नहीं बल्कि, पूरी दुनिया इसकी साक्षी बनती है।आम जनता भी इस परेड में शामिल होती है जिसके लिए आपको परेड स्थल पर तय समय पर पहुंचना होता है क्योंकि यहां एंट्री लेने का एक तय समय होता है। ऐसे में आप समय पर परेड स्थल पर पहुंच सके, इसके लिए डीएमआरसी की तरफ से मेट्रो के संचालन के समय में बदलाव किए गए अगर यूं कहा जाए कि दिल्ली मेट्रो दिल्ली–एनसीआर के लिए लोगों के लिए लाइफलाइन है तो इसमें शायद कोई दो राय न हो। रोजाना मेट्रो ट्रेनें सुबह 6 बजे चलना शुरू हो जाती हैं और रा. `जाना एक बड़ी संख्या में यात्रियों को उनके गंतव्य तक छोड़ती है। इसके लिए आपको टिकट लेना होता है और फिर आप मेट्रो से यात्रा कर सकते हैं।मेट्रो से जा सकते हैं परेड स्थलअगर आप भी इस बार 26 जनवरी को होने वाली गणतंत्र दिवस की परेड का हिस्सा बनने जा रहे हैं, तो आपको यहां पर तय समय पर सुबह जल्दी पहुंचना होता है। ऐसे में आप चाहें तो मेट्रो से सफर कर सकते हैं। मेट्रो की तरफ से ट्रेनों के संचालन का समय बदला गया है जिससे यात्रियों को दिक्कत न हो। इससे आप समय पर परेड स्थल पहुंच सकते हैं।कि. कतने बजे से चलेंगी 26 जनवरी को मेट्रो?अगर आम दिनों की बात करें तो मेट्रो सुबह 6 बजे से चलना शुरू हो जाती है और रात 11 बजे तक चलती है। वहीं, गणतंत्र दिवस के लिए मेट्रो के संचालन के समय में बदलाव किया गया है। 26 जनवरी को आपको पहली मेट्रो सुबह 4 बजे से मिलेगी यानी इस दिन सुबह 4 बजे से मेट्रो का संचालन शुरू हो जाएगा जिससे आप समय पर परेड स्थल पहुंच सकते हैं।अगर आप भी परेड देखने के लिए कर्तव्य पथ पर जाना चाहते हैं और आप मेट्रो से सफर करेंगे, तो ऐसे में आपको ध्यान रखना है कि आप मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन पर उतर सकते हैं या फिर आप केंद्र सचिवालय वाले मेट्रो स्टेशन पर भी उतर सकते हैं। यहां से कर्तव्य पथ की दूरी लगभग 10 मिनट की है।

## गणतंत्र दिवस के खास मौके पर अपनी फैमिली और फ्रेंड्स को भेजें ये स्पेशल मैसेज

भारत का संविधान अंततः 1950 में लागू हुआ था. गणतंत्र दिवस जोकि हमारी स्वतंत्रता का आगाज, एकता और देशभक्ति की भावना के जश्न के रूप में मनाया जाता है. इस खास दिन का जश्न गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है.इस खास अवसर पर अपनी फैमिली और फ्रेंड्स को स्पेशल मैसेज भेज सकते हैं. भारत 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस मनाएगा. हर साल इस खास दिन का सभी देशवासी बेसब्री से इंतजार करते हैं. देश की राजधानी दिल्ली में इस खास दिन पर परेड समारोह होती है. नई दिल्ली के इंडिया गेट के बगल में स्थित कर्तव्य पथ पर कार्यक्रम आयोजित की जाएगी. भारत 26 जनवरी 2025 को अपना 76वां गणतंत्र दिवस मनाएगा. गणतंत्र दिवस 2025 की शुभकामनाएं संदेशभारत मानव जाति का पालना है, मानव भाषण का जन्मस्थान है, इतिहास की जननी है, किंवदंतियों की दादी है, और परंपरा की महान दादी है. – मार्क ट्वेनआइए हम अपनी मातृभूमि के प्रति वचनबद्ध हों कि हम उसकी विरासत को समृद्ध और संरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे. – अटल बिहारी वाजपेयीअगर इसमें गलती करने की आजादी शामिल न हो तो आजादी बेकार है. – महात्मा गांधीकिसी देश की संस्कृति उसके लोगों के दिलों और आत्मा में बसती है. – महात्मा गांधी अब हर व्यक्ति और संस्था को जागना चाहिए और इस महान राष्ट्र को शक्तिशाली और गौरवशाली बनाने के लिए निष्क्रिय और निष्क्रिय अवस्था से उठना चाहिए. – स्वामी विवेकानंदभारत एक राष्ट्र या देश नहीं है. यह राष्ट्रीयताओं का एक उपमहाद्वीप है. – मुहम्मद अली जिन्ना हम सबसे पहले और अंत में भारतीय हैं. – बी आर अंबेडकरहमारा संविधान आशा और एकता का प्रतीक है.आइए हम इसके मूल्यों को बनाए रखें.गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं.हम अपने संविधान के निर्माताओं और प्रगतिशील भारत के लिए उनके दृष्टिकोण को याद करते हैं.गणतंत्र दिवस एक अनुस्मारक है कि हम भारत की वि. रासत के संरक्षक हैं.जय हिंद!आइए हम भारत में लोकतंत्र के ताने–बाने को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करें.गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं.जब हम गणतंत्र दिवस मनाते हैं.तो आइए हम अपनी स्वतंत्रता और लोकतंत्र के लिए किए गए बलिदानों का सम्मान करें.संविधान ने हमें अधिकार दिए हैं.लेकिन जिम्मेदारियां भी दी हैं.आइए उन्हें गर्व के साथ पूरा करेंआइए हम विविधता में एकता की शक्ति का जश्न मनाएं.जय हिंद!हर गणतंत्र दिवस एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण की यात्रा में एक कदम आगे है.आइए हम अपने देश की प्रगति का जश्न मनाएं और इसके आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगणतंत्र दिवस हमें हमारे लोकतंत्र की ताकत और हमारे लोगों की लचीलापन की याद दिलाता है.अपने दोस्तों, फैमिली, फ्रेंड्स को इस अंदाज में भेजें शुभकामनाएं संदेशभारतीय होने पर गर्व है.आइए हम शांति और समृद्धि के लिए मिलकर काम करें.गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं. एक गौरवशाली लोकतंत्र के नागरिक के रूप में आइए बेहतर कल के लिए काम करने का संकल्प लें.गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं.